फर्द अहकाम

न्यायालय सहायक कलक्टर (SDO) मावली जिला उदयपुर

प्रार्थी :– **श्री हीमसिंह** | विपक्षी :– **राज्य**
किस्म मुकदमा :– 136 एलआरएक्ट | पत्रावली संख्या :– **188/25 विविध**
जीसीएमएस नम्बर :– **2025/607**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक : 07.10.2025 तहसीलदार द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर दर्ज रजिस्टर होकर पेश हुई। तहसीलदार द्वारा रिपोर्ट पेश कर निवेदन किया की ग्राम जावड पटवार हल्का जावड तहसील घासा के खाता संख्या 276 पर दर्ज आराजीयात में प्रार्थी का नाम हीमसिंह पुत्र उदयसिंह गलत दर्ज है। जबकि प्रार्थी का वास्तविक नाम हीमसिंह पिता उम्मेदसिंह है। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। तहसीलदार द्वारा अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है कि वादी द्वारा उक्त भूमि रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय किया है। रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रार्थी के पिता का नाम उम्मेदसिंह अंकित है परन्तु राजस्व रिकॉर्ड में सेहवन से उदयसिंह दर्ज कर दिया है। न्यायालय का विनम्र अभिमत है कि प्रार्थी द्वारा उक्त भूमि को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय करने के पश्चात राजस्व कर्मचारियो द्वारा नामान्तरकरण रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अनुसार पारित नही किया एवं अपने मनमुताबिक प्रार्थी के पिता का नाम अंकित कर दिया गया। उक्त त्रूटि राजस्व कर्मचारियो द्वारा की गई है। जिसे तहसीलदार की रिपोर्ट के अनुसार सुधारा जाना आवश्यक है। अतः उपर्युक्त विवेचन के आधार पर वाद वादी स्वीकार योग्य पाया जाता है। **–: आदेश :–** परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जाकर आदेश दिए जाते है कि मौजा जावड पटवार हल्का जावड तहसील घासा की नकल जमाबन्दी सम्वत् 2077–80 की खाता संख्या 276 पर दर्ज आराजी नम्बर 2822 रकबा 0.0324 हेक्टेयर भूमि में प्रार्थी का नाम हीमसिंह पुत्र उदयसिंह दर्ज है के बजाय रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एवं तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का नाम हीमसिंह पुत्र उम्मेदसिंह दर्ज किया जाने का आदेश दिया जाता हैं। शेष खाता बदस्तूर रहेगा। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो । निर्णय खुले ईजलास लिखा जाकर सुनाया गया। **(रमेश सीरवी पुनाडिया R.A.S.)** **सहायक कलक्टर** **(SDO) मावली**	

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2025.12.05 11:21:56 IST
Reason: SelfAttested